चोरी का खुलासा | महिला समेत 3 आरोपी गिरफ्तार, मूर्तियां व नकदी बरामद

सौसर में जैन मंदिर सहित 3 मंदिरों में चोरी का पर्दाफाश

नवाभारत न्यूज

सौसर 21 अगस्त – सौसर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित जैन मंदिर, सहस्त्रबाहु मंदिर एवं भवानी माता मंदिर में हुई सिलसिलेवार चोरी की वारदातों का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई अष्टधातु व पीतल की मूर्तियां, पूजा सामग्री, नकदी और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से मिली सफलता –

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी प्रियंका पाण्डेय और पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल का मुआयना किया था। पीड़ितों की शिकायत पर थाना सौसर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(a) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी प्रकाश चंद्र परिहार एवं एएसपी मनकामना प्रसाद के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी प्रियंका पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट, डॉग स्क्वाड, पीएसटीएन डेटा विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की।

गिरफ्तार आरोपी – पुलिस ने वार्ड क्रमांक 12, सौसर निवासी तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उन्होंने तीनों मंदिरों में चोरी करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में विक्की उर्फ मंडवा पिता नत्थू धुर्वे 25 ,करण पिता किशोर उइके 19 तथा लक्ष्मी पति नत्थू धुर्वे 45 वर्ष शामिल है।

बरामद मशरूका –

पुलीस व्दारा बरामद किए गए मशरुका में भगवान पारसनाथ की 4 मूर्तियां, महावीर भगवान, नेमीनाथ भगवान, चौबीस तीर्थंकर, बाहुबली भगवान की पीतल की मूर्तियां, 1 अष्टधातु की आदिनाथ भगवान की मूर्ति, अष्टधातु के गणेश जी व लक्ष्मी जी की मूर्ति, अष्टधातु चरण पादुका, पीतल का कछुआ, शंख, दिया, तांबे की थाली, 2 घंटियां और सहस्त्रबाहु भगवान का पीतल का मुकुट। इसके अलावा 2 दान पेटियां, 56,849 नकद, 2 मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल MH31CY2213, कीमत लगभग 70,000 रुपए है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस अंधेकत्ल जैसी चोरी का त्वरित पर्दाफाश करने में सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके, उपनिरीक्षक प्रहलाद बैरागी, उनि राजेश कर्वेती, सउनि कैलाश पवार, प्रवीण परतेती, प्रधान आरक्षक ब्रजकिशोर मालवीय, अरुण डेहरिया, अखिलेश प्रताप सिंह, सुरेन्द्र बघेल सहित आरक्षक मनीष टेमरे, रवि टेकाम, राजेंद्र चोरिया, सोनू धुर्वे, कमलनाथ, विनोद टेक्ले, अखिलेश हिंगवे, रामराव बोआड़े, विकास सिंह और प्रकाश कुमरे की मुख्य भूमिका रही।

चोरी की घटना क़ा खुलासा करने पर मंदिर समिति ने किया पुलिस क़ा सत्कार

नगर में तीन मंदिरों में हुई चोरी की घटना क़ा खुलासा करने और चोरों को पकड़ने पर तीनों मंदिर समिति के पदाधिकारीयों ने एसपी श्री परिहार, एएसपी श्री प्रसाद, एसडीओपी श्रीमती प्रियंका पांडे, टीआई श्री उईके क़ा पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करते हुए पुलिस टीम के कार्यों की सरहाना की।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला पांढुर्णा को मिला नया नेतृत्व, विवेक गायकवाड़ बने जिला अध्यक्ष

नवभारत न्यूज़

सौंसर 21 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला पांढुर्णा अध्यक्ष पद पर प्रथम विवेक गायकवाड़ की नियुक्ति की गई है। संगठन द्वारा उनकी सक्रियता, समर्पण, संगठनात्मक क्षमता एवं लंबे समय से किए जा रहे जनसेवा कार्यों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

श्री गायकवाड़ ने छात्र एवं युवा राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और वर्ष 2015 से भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया। वर्ष 2017 में उन्हें युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, लोधीखेड़ा की जिम्मेदारी दी गई, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक निभाया। संगठन में उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए वर्ष 2022 में उन्हें पुन: मंडल अध्यक्ष बनाया गया।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री विवेक गायकवाड़ ने अपनी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व, युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

उनकी नियुक्ति पर पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने श्री गायकवाड़ क़ा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। जिले के भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

एमबीबीएस-बीडीएस प्रवेश की मेरिट सूची जारी

नागपुर, राज्य सामायिक प्रवेश परीक्षा कक्ष (सीईटी सेल) की ओर से एमबीबीएस और बीडीएस प्रवेश प्रक्रिया के लिए संशोधित कार्यक्रम के अनुसार प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई. दोनों पाठ्यक्रमों के लिए राज्यभर से कुल 35,074 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है. विद्यार्थियों को अपने विवरण के संबंध में शिकायत या आपत्ति दर्ज कराने के लिए 20 अगस्त, शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है. मेरिट सूची में किसी प्रकार की विसंगति या त्रुटि पाए जाने पर विद्यार्थियों को अपने लॉगिन के माध्यम से ही शिकायत या आपत्ति दर्ज करनी होगी. इसके लिए विद्यार्थियों के लॉगिन में अलग से शिकायत निवारण लिंक उपलब्ध कराया जाएगा. ई-मेल के माध्यम से भेजी गई शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा.

मुख्यमंत्री के नाम शिक्षको ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

नव भारत न्यूज

पांढुरना,21अगस्त, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों एवं शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए आज मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को एक चार सूत्रीय मांग का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा ।

संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल एवं जिलाध्यक्ष संजय आसरे के मार्गदर्शन में जिला सचिव प्रफुल्ल देशमुख तथा पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षक पात्रता परीक्षा

(TET) के सफल संचालन, पारदर्शिता और शिक्षकों को नियमानुसार छूट देने संबंधी प्रमुख मांगें की गईं।

जिसमें मुख्य रूप से अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु परीक्षा कर्मचारी चयन मंडल के स्थान पर शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में ऑफलाइन ह्रस्कशीट से आयोजित की जाए,यह परीक्षा फॉर्म शुल्क पूर्णत: समाप्त कर केवल वास्तविक पोर्टल शुल्क ही लिया जाए।वही उत्तर प्रदेश की तर्ज पर परीक्षा प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने हेतु विभागीय स्तर पर आयोजन कराया जाए, वर्ष 2005 एवं 2008 से कार्यरत व चयन परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को वर्तमान ञ्झञ्झ से मुक्त रखा जाए।

इस आशय का ज्ञापन सौंपते समय संगठन के ओंकार साहू, कैलाश कोचे, घनश्याम कालभोर, युवराज हजारे, श्रीमती तृप्तिबाला गेडाम, श्रीमती ललिता रेवतकर, श्रीमती प्रतिमा देशमुख, उल्हास कावले, विजय घुघुसकर, हरिराम चौधरी, रामगोपाल भोयर सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

जामसांवली धाम में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों ने किया भव्य रूद्र पूजन, मंदिर संस्थान ने हनुमान जी की प्रतिकात्मक मूर्ति भेट कर किया स्वागत

नवभारत न्यूज़

सौंसर 21 अगस्त. श्रावण मास के अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग बैंगलुरू से पधारे वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक आशीष पटेल, भूपेन्द्र मिश्रा छिंदवाडा, निलेष शक्रवार के सानिध्य में विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्रद्धाभाव के साथ दिव्य एवं भव्य रूद्र पूजा सम्पन्न हुई। रूद्र पूजा में मुख्य यजनमान निलेश खंडाईत के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता संजय राठी, सुयश राठी, अमन चढडा, आदित्य वर्मा उपस्थित थे। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन किया गया। जैसे-जैसे मंत्र गूंजते गये पूरा हनुमान लोक परिसर शिव भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर होता गया।

श्रावण मास की पवित्रता और रूद्र पूजा के आध्यात्मिक वातावरण में पूजा विधि सम्पन्न हुई। वही मंदिर संस्थान के सचिव टिकाराम कारोकार सहित ट्रस्टीयो ने आगंतुक आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों का हनुमान जी की प्रतिकात्मक मूर्ति भेट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

पवार समाज की महिलाओं द्वारा आज पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक एवं हरियाली महोत्सव मनाया जाएगा

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,21 अगस्त, श्रावण माह के इस पवित्र त्यौहार पर पवार समाज की महिलाओं द्वारा आज शनिवार को नगर शंकर नगर स्थित पवार समाज मंगल कार्यालय में पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक के साथ ही हरियाली महोत्सव तथा नन्हे-मुन्हें बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है,इन सभी कार्यक्रम में पवार समाज की महिलाओं तथा बालिकाओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है ।

पवार समाज संगठन की सक्रिय महिला नेत्री श्रीमती गीता किशोर धोटे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण माह में पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक करने के साथ ही हरियाली महोत्सव 22 अगस्त दिन शनिवार को नगर के पारडी मार्ग पर स्थित शंकर नगर के पवार समाज मंगल कार्यालय में आयोजित किया गया है। श्रीमती धोटे ने बताया कि शनिवार को दोपहर 12 बजे पार्थिव शिवलिंग का पूरे विधि विधान के साथ अभिषेक किया जाएंगा तत पश्चात हरियाली महोत्सव तथा पवार समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों की डांस प्रतियोगिता के साथ ही महिलाओं के विभिन्न गेम प्रतियोगिता,सावन के गीत,झूले आदि का भी आयोजन किया जाएंगा। श्रीमती धोटे द्वारा इन सभी कार्यक्रम में नगर सहित क्षेत्र के सभी ग्रामों के महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इन कार्यक्रमों में उपस्थित होने की अपील की है।

महाविद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता पर हुए कार्यक्रम

नवभारत न्यूज़

सौंसर 21 अगस्त. शासकीय महाविद्यालय सौसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं सिविल कोर्ट समाचार के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को विधि संबंधी जानकारी प्रदान की गई जिसमें की व्यवहार न्यायाधीश सचिन जैन ने विद्यार्थियों को विधिक प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने महिला सुरक्षा, परिवहन सुरक्षा एवं सामान्य अपराधों से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराते हुए उनसे

बचने के उपाय एवं नियम बताएं साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वह अपने विद्यार्थी जीवन में हिंसात्मक एवं आपराधिक प्रवृत्तियों से हमेशा बचे ताकि आप अपने जीवन को सकार बना सके महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक श्रीमती मिथिलेश्वरी घोरमारे ने न्यायाधीश द्वारा बताई गई विधिक जानकारी को विद्यार्थियों से उन्हें अपने जीवन में अमल लाने की बात कही साथ ही उन्होंने माननीय न्यायधीश महोदय का आभार भी प्रदर्शन किया वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डी के इंदौरकर ने न्यायालय के कार्यों का विश्लेषण करते हुए उनकी जिम्मेदारियां और उनमें विश्वास की उम्मीद को उजागर किया राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री विजय मंडराह ने स्वयंसेवकों में नियमों को जन एवं उनके अमल में लाने की बात कही एवं मंच संचालन कर पूरे कार्यक्रम को संचालित किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के श्री इंद्रपाल राऊत, श्री मोहनलाल परतेती, डॉ संजय डेहरिया, डॉ वासुदेव भोयर, डॉ सारिका बांसोड़, रविंद्र यादव, दिनेश शिवहरे एवं अन्य महाविद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति सराहनी रही कार्यक्रम में स्वयंसेवकों में सूरज, शुभम, हर्ष, अमर, अनामिका, बुद्धपाल, नंदिनी दिव्यानी, किरन आदि स्वयंसेवकों की उपस्थिति सराहनीय रही.

जनविश्वास अभियान में नगर की तीन बालिकाओं के लिए बना वरदान

नव भारत न्यूज

पांढुरना, 21 अगस्त, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में संत रविदास वार्ड में भ्रमण दल द्वारा जनसंवाद किया गया। इस दौरान वार्ड भ्रमण के दौरान तीन बालिकाओं ने राशन नहीं मिलने तथा छोटी बालिका का आधार कार्ड नहीं होने की जानकारी दल को दी। जनसंवाद के दौरान जानकारी सामने आई कि बालिकाओं की माताजी का वर्ष 2019 में निधन हो चुका है तथा

उनके पिता भी साथ नहीं रहते हैं। वर्तमान में तीनों बालिकाओं का लालन-पालन उनकी नानी द्वारा किया जा रहा है। भ्रमण दल ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए बालिकाओं को नई फ्रॉक उपलब्ध कराई। वहीं छोटी बालिका का अभी तक स्कूल में प्रवेश नहीं हुआ था। दल द्वारा बालिका का प्राथमिक शाला में अस्थाई प्रवेश कराया गया, जिससे उसकी पढ़ाई शुरू हो सके। बालिकाओं के समग्र आईडी से संबंधित कार्यवाही नगर पालिका द्वारा की जा रही है। इसके साथ ही भ्रमण दल द्वारा बालिकाओं के आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। राशन सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में भी अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जनविश्वास अभियान के माध्यम से प्रशासन द्वारा वार्डों में पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुना जा रहा है तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं एवं आवश्यक सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

ग्राम बडचिचोली में एंबुलेंस कि मांग

नव भारत न्यूज बडचिचोली,21 अगस्त,

पांढुरना जिले के ग्राम बडचिचोली में ग्राम वासियों के द्वारा सरकारी अस्पताल में एंबुलेंस की मांग तेज होते जा रही है आरोग्य केंद्र में स्थाई डॉक्टर है तथा बड चिचोली पुलिस चौकी के अंतर्गत कई गांव शामिल है परंतु ग्राम बड़ चिचोली तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा हाईवे पर अगर सडक दुर्घटना होती है तो पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के एंबुलेंस को फोन लगाना पड़ता है,लेकिन समय पर एम्बुलेंस घटनास्थल पर नही पहुचने पर कई घायल जगह पर ही दम तोड़ देते हैं । अभी हाल ही मे हिवरा सेनाडवार के पास हुई सड़क दुर्घटना में तीन किसानो की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने से खुर्सापार निवासी मृतक के परिजन अभी भी सदमे में है उनका कहना है कि अगर समय पर एंबुलेंस की सुविधा मिल जाती तो जान बच जाती ग्राम के पूर्व जनपद सदस्य शेख नूर मोहम्मद ग्राम के भूतपूर्व उप सरपंच रामेश्वर किंनकर के द्वारा शासन से मांग की है कि बडचिचोली के शासकीय अस्पताल में एंबुलेंस की सुविधा मिले ।

SECR : 100 मिलियन टन लदान का लक्ष्य पार

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे (एसईसीआर) ने माल लदान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 मिलियन टन का आंकड़ा पार कर लिया. गत वित्तीय वर्ष में तुलना में जोन ने यह उपलब्धि लक्ष्य से तय समय से 4 दिन पहले हासिल कर ली. जोन ने 100.125 मिलियन टन प्रारंभिक माल लदान किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 97.673 मिलियन टन लदान हुआ था. इस तरह 2.452 मिलियन टन यानी 2.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई.

निधन. बिछुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सेवानिवृत्त 69 वर्षीय भगत राम इवानाती का हृदयगति रुक जाने के कारण दु:खद निधन हो गया। भगत राम इवानाती का अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को प्रात: 10:30 बजे उनके गृहग्राम डुकरझेला, सौंसर में किया गया।वें अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में नाते रिश्तेदारों ने पहुंचकर श्रधांजलि दी।

फरियाद | स्कूल टाइमिंग में परिवर्तन से छात्रों की पढाई,स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दांव पर, छात्र हित को सर्वोपरि मानने वाले पूर्व सांसद कमलनाथ को याद कर रहें अभिभावक

अभिभावकों ने सांसद विवेक बंटी साहू से स्कूल टाइमिंग पूर्ववत रखने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,21अगस्त, चंद व्यापारियों के बेलगाम ट्रक तथा खनिज के डंफरों को नगर की मुख्य तथा आंतरिक सडक़ों पर दौड़ाने के लिए स्कूल टाइमिंग में किए गए परिवर्तन से छात्रों की पढाई के साथ ही इनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पडता देखने के बाद भी कोई नेता, जनप्रतिनिधि आवाज तक नहीं उठा रहें है,यह देख नगर के विभिन्न स्कूलों के पढने वाले दस हजार से भी अधिक छात्रों के पालकों तथा बच्चों में शासन-प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

यह सब देख हर किसी को जिले के पूर्व सांसद कमलनाथ द्वारा छात्रों के हित को ही सर्वपरी मानते हुए सीबीएसई के दसवी बोर्ड की परीक्षा ही दोबारा करने के साथ ही नगर में केंद्रीय विद्यालय भी शुरू करा दिया है,इनके इस निर्णय को जागरूक लोगों के साथ ही विपक्ष राजनितिक दल के नेता तथा कार्यकर्ता याद कर उनकी सरहना करने से नहीं थकते ।

कांग्रेस की सफलता का राज ?

उल्लेखनीय हो कि वर्षों पूर्व नगर के राम शांति स्कूल के कक्षा दसवीं बोर्ड के छात्रों की परीक्षा में हुई त्रुटि के चलते इन छात्रों के भविष्य को देखते हुए तत्कालीन जिले के सांसद कमलनाथ द्वारा छात्रों के हित को ही सर्वोपरि मानते हुए नगर के राम शांति स्कूल के सिर्फ इन छात्रों के लिए सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा दोबारा कराने के साथ ही नगर में केंद्रीय विद्यालय भी शुरू करा दिया,जहां आज भी हजारों बच्चे शिक्षा का लाभ उठा रहें है,जिसे जिलेवासी भूले नहीं है। जानकारों का मानना है कि कमलनाथ के इसी कार्य के चलते तभी से नगर तथा क्षेत्र के जागरूक मतदाता कांग्रेस के समर्थन में अपना मतदान करते आ रहें है,इसी के चलते विधानसभा,जनपद पंचायत तथा नगर पालिका में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता पर विराजमान होने में सफल रहीं है।

लेकिन अब तो छात्रों की पढाई ही दाव पर

लेकिन अब चंद व्यापारियों को लाभ पहुंचाने उनके भारी भरकम ट्रकों एवं खनिज रेत,गिट्टी,मुरम से लद्दे डंफरों को नगर के मुख्य तथा आंतरिक संडक़ों पर बेलगाम होकर दौडाने के लिए नगर के सभी स्कूलों के हजारों छात्रों की पढ़ाई तथा सुरक्षा को ही दाव पर लगाते हुए सदियों से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहें स्कूल टाइमिंग को ही परिवर्तन कर दिया है।

छात्रों के समर्थन में क्यों आगे नहीं आ रहें नेता,जनप्रतिनिधि

इन व्यापारियों के ट्रकों,डंफरो को नगर में दौड़ाने का समर्थन कर छुटभैया नेता तथा जनप्रतिनिधियों ने तो जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के दफ्तर में दस्तक देते हुए इसका पुरजोर समर्थन किया,लेकिन स्कूल टाइमिंग में कोई परिवर्तन नहीं कर पूर्व की तरह ही सभी स्कूलों के लगने तथा छुट्टी का समय यथावत रखने का समर्थन करने यह कोई भी नेता तथा जनप्रतिनिधि इन छात्रों तथा अभिभावकों के साथ खड़े रहने के लिए भी तैयार नहीं होते देख नगर के लगभग सभी स्कूलों के दस हजार से भी अधिक छात्रों के अभिभावकों तथा छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

छात्रों,अभिभावकों ने सांसद से लगाई गुहार

स्कूल के टाइमिंग को पूर्ववत ही रखने की एक सूत्रीय मांग को लेकर बीते दिवस दर्जनों जागरूक अभिभावकों ने छिंदवाड़ा मुख्यालय पहुंचकर सांसद विवेक बंटी साहू से भेटकर सिर्फ नगर के ही स्कूलों के टाइमिंग में जबरन परिवर्तन करने से छात्रों की पढ़ाई के साथ ही इनके स्वास्थ्य पर पड रहें विपरीत असर को देखते हुए स्कूलों का टाइमिंग पूर्ववत ही रखने की गुहार लगा चूके है,हाला कि अभिभावकों को सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा विश्वास दिलाया है कि सभी स्कूलों का टाइमिंग पूर्ववत ही रहेंगा,इसे किसी भी हालत में बदला नहीं जाएगा, लेकिन इसके बावजूद स्कूल प्रबंधक पर जबरन स्कूल टाइमिंग में परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। अब सभी की निगाहें सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा अभिभावकों से किए गए वादे पर लगी हुई है कि सांसद श्री साहू की बात को मान प्रशासन द्वारा स्कूलों का टाइमिंग पूर्ववत रखा जाता है,या फिर व्यापारियों को लाभ पहुंचाने स्कूल टाइमिंग को बदलकर छात्रों की पढाई तथा स्वास्थ को दाव पर लगाया जाता है।

मूल्यों के साथ भरें ऊंची उड़ान: अमृता

नागपुर?, महानगर संवाददाता. युवाओं से देश, राज्य और अपने शहर को बहुत उम्मीदें हैं, इसलिए नई कल्पनाओं को सामने लाने का यही सही समय है क्योंकि कल्पना से अधिक शक्तिशाली कोई चीज नहीं है. तकनीक का इस्तेमाल करें लेकिन सही और गलत की पहचान करते हुए. आसमान में ऊंची उड़ान भरें लेकिन भारतीय मूल्यों को हमेशा बनाए रखें, यह संदेश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अमृता फडणवीस ने युवाओं को दिया.विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी) में 'मंथन फॉर युवा' विशेष अभियान के तहत 23 अगस्त तक स्टार्टअप कॉन्क्लेव, हैकाथॉन, पेटेंट गैलरी और साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है. मंगलवार को इन उपक्रमों की शुरुआत हुई.